ई मेल द्वारा
<u>अति महत्वपूर्ण / तत्काल</u>

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र
की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप / अनु0–6 / सैत्रिक अंक / जनवरी 2024 / 8110 लखनऊः दिनांकः 20 / 01 / 2024**

**विषयः परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक ऑनलाइन भराये जाने विषयक।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे समस्त पाठ्यक्रम के रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक **Student Central Activities** की सूचियों के प्रारूप संस्था लॉगिन पर निम्न विवरण के अनुसार प्रेषित किये जा रहे हैः–

1. **विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रम एवं सेमेस्टर के पंजीकृत रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स, अनुशासन अंको / SCA अंको की सूचियाँ, परिषद की वेबसाइट bteup.ac.in पर संस्था लॉगिन पर उपलब्ध है।**
2. **विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) से सम्बन्धित सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक / SCA की सूचियों में अंको की प्रविष्टि ऑनलाइन किया जाना है, ऑनलाइन सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंक / SCA अंको को भरे जाने की दिनांक–23 / 01 / 2024 से 31 / 01 / 2024 सायं 5:00 तक बजे निर्धारित है।**

- <u>ऑनलाईन सैत्रिक अंक भरे जाने सम्बन्धी निर्देशः</u>–
  1. संस्था में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सूची Select Trade के अन्तर्गत लिस्ट में प्रदर्शित होगी।
  2. Trade Code के चयन के बाद Academic Semester को Select करना होगा, जिसमें Academic Semester का Semester Code प्रदर्शित होगा।
  3. Academic Semester के Selection के बाद paper वाले Box में Sessional, Games एवं Disicipline/SCA अंको का चयन करना होगा तद्पश्चात Entry Marks के बटन को Click करना होगा, जिससे चयनित ब्रांच के चयनित सेमेस्टर के चयनित विषय से सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें Marks obtained के कालम में छात्र / छात्रा के अंको की प्रविष्टि करनी होगी।
  4. ऑनलाईन भरे गये सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंकों / SCA अंको को भरने के पश्चात प्रथम / तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त ब्रांच एवं पाठ्यक्रम की सूचियों का प्रिंट निकाल लें तथा प्रिंट निकालने के उपरान्त सैत्रिक अंकों की हार्डकापी अपनी संस्था में 03 वर्षो तक सुरक्षित रखें।

- <u>सैत्रिक / गेम्स / अनुशासन अंक / SCA अंक प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशः</u>–
  1. **प्रथम / तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के समस्त रजिस्टर्ड / रि–रजिस्टर्ड छात्र / छात्राओं के सैत्रिक अंक उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा(प्रवेश परीक्षाओं का संचालन और प्रमाणपत्र और डिप्लोमा का प्रदान किया जाना) प्रथम संशोधन विनियमावली–2016 के विनियम–18 के प्रतिस्थापित उपबन्धों में वर्णित प्राविधान के अनुसार प्रदान किये जायेंगे।**
  2. समस्त लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सभी विषयों के सैत्रिक अंकों का योग कोड–51 में, गेम्स के अंक कोड–52 में तथा अनुशासन के अंक कोड–53 में भरे जायेंगे एवं NSQF पाठ्यचर्या वाले पाठ्यक्रमों में SCA अंक 52 में भरा जायेगा।

3 **किसी भी छात्र/छात्रा को यदि 90% प्रतिशत से अधिक सैत्रिक अंक प्रदान किये जाते हैं तो ऐसे छात्र/छात्राओं की मासिक परीक्षाओं की उत्तर–पुस्तिकाओं की छायाप्रतियाँ एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की छायाप्रति सैत्रिक अंक सूची के साथ संलग्न कर परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाये।**

**आप द्वारा उपरोक्तानुसार वर्णित सूचियों में जो अंक दिये जायेंगे, उन्हें बाद में किसी भी दशा में परिषद विनियमावली "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण–पत्र और डिप्लोमा प्रदान किया जाना) (प्रथम संशोधन) विनियमावली, 2016 के विनियम 26 के स्तम्भ–2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम (4) के अनुसार परिवर्तन नहीं किया जायेगा। अतः सैत्रिक अंक की ऑनलाइन प्रविष्टि सावधानी पूर्वक की जाये।**

अस्तु आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार वर्णित प्रक्रिया के अनुसार विषम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) में सम्मिलित हो रहे अपने संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं के सैत्रिक, गेम्स एवं अनुशासन अंको/SCA के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि करने का कार्य दिनॉक 31/01/2024 तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी दशा में परिषद द्वारा तिथि विस्तारित नही की जायेगी। उक्त सैत्रिक अंकों की प्रमाणित हार्डकॉपी को स्कैन करते हुए **केवल सॉफ्ट कॉपी (पी0डी0एफ0 में एवं फाइल नेम संस्था कोड के साथ अनिवार्य रूप से) परिषद की ई0मेल upbteanu6@gmail.com पर दिनांक– 02–02–2024 तक** प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

**आप भली–भांति सुनिश्चित कर लें कि सभी पंजीकृत छात्र/छात्राओं द्वारा चयनित किये गये विषयों का अंकन उक्त सूची में हो गया है। परिषद कार्यालय में ई0 मेल0 की गयी सूची में कोई परिवर्तन/संशोधन किया जाना सम्भव नहीं होगा। यदि इस स्थिति में संस्था का कोई छात्र/छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है, तो इसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था प्रधानाचार्य/निदेशक का होगा।**

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

**पृ0सं0ः प्राशिप/अनु0–6/सैत्रिक अंक/जनवरी–2024/8111–12 तद्दिनांकः 20/01/2024**
**प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1 निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2 समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
3 प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।